aglasem.com

UP BOARD

QUESTION PAPER

Class 11

Download PDF

वार्षिक परीक्षा 2021-22

विषय : लेखाशास्त्र

कक्षा-11

समय : 2:30 घंटे पूर्णांक : 90

नोट- 1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

2. सभी प्रश्नों के अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

(बहुविकल्पीय प्रश्न) 10

1. पुस्तपालन का सर्वप्रथम प्रयोग हुआ था-
   (i) इग्लैण्ड में (ii) अमेरिका में
   (iii) भारत में (iv) इटली में
2. पूँजी खाता है-
   (i) व्यक्तिगत खाता (ii) अवास्तविक खाता
   (iii) वास्तविक खाता (iv) इनमें से कोई नहीं।
3. जिस बही में समस्त खाते रखे जाते हैं, उसे कहते हैं-
   (i) रोकड़ बही (ii) विक्रय बही
   (iii) खता बही, (iv) रोजनामचा
4. 'अग्रदाय पद्धति' शब्द किस पुस्तक से सम्बन्धित है-
   (i) रोकड़ बही (ii) क्रय पुस्तक
   (iii) लघु रोकड़ पुस्तक (iv) प्राप्य विपत्र पुस्तक
5. व्यापारी खातावही के बाद कौन-सा प्रपत्र तैयार करता है-
   (i) जर्नल (ii) जमा नकल बही
   (iii) तलपट (iv) नाम नकल बही
6. विनिमय विपत्र के पक्ष होते हैं-
   (i) एक (ii) दो
   (iii) तीन (iv) चार
7. प्रविष्टि का पुस्तकों में लिखने से छूट जाना कहलाता है-
   (i) क्षतिपूरक अशुद्धि (ii) सैद्धान्तिक अशुद्धि
   (iii) भूल की अशुद्धि (iv) इनमें से कोई नहीं
8. मशीनरी की स्थापना के दौरान मजदूरी चुकायी, यह व्यय है-
   (i) पूँजीगत व्यय (ii) आयगत व्यय
   (iii) स्थगित आयगत व्यय (iv) इनमें से कोई नहीं।

9. अदत्त किराया के समायोजन को प्रदर्शित किया जाएगा
   (i) केवल व्यापार खाते में
   (ii) केवल लाभ-हानि खाते में
   (iii) केवल चिट्ठे में
   (iv) लाभ-हानि तथा चिट्ठा दोनों में।
10. निम्न में से कौन स्थाई सम्पत्ति की श्रेणी में नहीं आता है
   (i) भूमि व भवन (ii) यंत्र व उपकरण
   (iii) फर्नीचर (iv) व्यापारिक रहतिया।

(अतिलघु उत्तरीय प्रश्न) 20

1. लेखाकर्म के उद्देश्य का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।
2. मुद्रा माप की अवधारणा समझाइए।
3. लेखांकन प्रमाप से क्या आशय है?
4. मूल प्रपत्र से क्या आशय है?
5. तलपट का अर्थ बताइए।
6. विनिमय विपत्र की परिभाषा दीजिए।
7. स्थगित आयगत व्यय से क्या आशय है?
8. समायोजन से क्या आशय है?
9. 'अन्तिम खाते' से क्या आशय है?
10. पूँजी से क्या आशय है?

(लघु उत्तरीय प्रश्न) 30

1. दोहरा लेखा प्रणाली की विशेषताएं बताइए।
2. जर्नल के विभाजन पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।
3. विनिमय विपत्र का नमूना बनाइए।
4. पूँजीगत व्यय तथा आयगत व्यय में अन्तर बताइए।
5. किन्हीं चार समग्र योजनाओं का उदाहरण सहित वर्णन कीजिए।

(विस्तृत उत्तरीय प्रश्न) 30

1. निम्न त्रुटियों को सुधारने के लिए आवश्यक प्रविष्ठियाँ कीजिए।
   (क) ₹ 2000 व्यापार से व्यक्तिगत व्यय हेतु निकाला गया, किन्तु उसे व्यापार व्यय खाते में डेबिट किया गया।

(continue...)

(ख) ओमप्रकाश पुखार से ₹ 3000 का माल खरीदा गया, जिसका लेखा विक्रय पुस्तक में किया गया।

(ग) भवन के विस्तार पर ₹ 2500 का व्यय भवन मरम्मत खाते में लिखा गया।

(घ) ₹ 150 ब्याज मुद्दे प्राप्त हुआ जिसे कमीशन खाते में क्रेडिट किया गया।

(ङ) मोतीलाल से मिली ₹ 500 की चैक अनादृत हो गई जिसे उचन्त खाते में डेबिट किया गया।

अथवा

पुस्तपालन तथा लेखाकर्म से क्या आशय है? दोनों में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

2. मिस्टर एक्स का 31 दिसम्बर 2020 को समाप्त होने वाले वर्ष का तलपट निम्न था- https://www.upboardonline.com

	डेबिट शेष			क्रेडिट शेष	
यंत्र	22,000	छपाई व स्टेशनरी	2,500	पूँजी	75,000
फर्नीचर	4,000	किराया व कर	1,500	लेनदार	13,000
रहतिया (01.01.2020)	15,000	वेतन	9,000	बिक्री	93,000
देनदार	35,000	विक्रय वापसी	1,500	देय विपत्र	2,000
क्रय	72,000	प्राप्य विपत्र	2,000	कमीशन	1,000
छूट	1,000	बैंक में रोकड़	16,000	अशोध्य ऋण संचित	1,000
गाड़ी भाड़ा (क्रय पर)	2,000	रोकड़	1,000	क्रय वापसी	1,000
बीमा	1,500				
			1,86,000		1,86,000

निम्न समायोजन को ध्यान में रखते हुए 31 दिसम्बर 2020 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए व्यापार खाता एवं लाभ हानि खाता तैयार कीजिए-

(क) यंत्र पर 10% एवं फर्नीचर पर 15% ह्रास कीजिए।

(ख) अशोध्य ऋण ₹ 1,000 है।

(ग) देनदार पर संदिग्ध ऋण के लिए 5% संचिति का प्रावधान कीजिए

(घ) वेतन ₹ 1500 अदत्त हैं।

(ङ) कर ₹ 100 पूर्वदत्त है।

(च) बीमा ₹ 200 पूर्वदत्त है।

(छ) 31 दिसम्बर 2020 को रहतिया का मूल्यांकन ₹ 17,000 किया गया।

अथवा

दोहरा लेखा प्रणाली से क्या आशय है? दोहरा लेखा प्रणाली के लाभों का वर्णन कीजिए।

3. राम ने श्याम को 1 मार्च, 2019 को ₹ 500 का माल बेचा और उस पर दो माह की अवधि का एक बिल लिखा जिसे श्याम ने स्वीकार करके राम को लौटा दिया दिया। देय तिथि पर बिल का भुगतान हो गया। दोनों पक्षों के जर्नल में आवश्यक लेखा कीजिए।

अथवा

लेखाशास्त्र की विभिन्न अवधारणाओं का वर्णन कीजिए।